ई-न्यूज

# 24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, बुधवार 30 जुलाई 2025

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 2 अंक 113



## ट्रम्प ने भारत पर 25% टैरिफ लगाने का ऐलान किया:कहा- भारत रूस से हथियार-तेल खरीद रहा, इसलिए जुर्माना भी वसूलेंगे; 1 अगस्त से लागू



**24 न्यूज अपडेट**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को भारत पर 1 अगस्त से 25% टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा कि भारत, रूस से हथियार और ऑयल खरीद रहा है, इसलिए उस पर जुर्माना भी लगाएंगे।

ट्रम्प ने एक और पोस्ट में कहा कि अमेरिका के साथ भारत का व्यापार घाटा बहुत ज्यादा है, इसलिए वे भारतीय सामानों पर टैरिफ लगा रहे हैं।

भारत, अमेरिका का दोस्त है, लेकिन पिछले कुछ सालों में अमेरिका ने उसके साथ कम व्यापार किया है क्योंकि उसके टैरिफ बहुत ज्यादा हैं। दरअसल, भारत की कई नीतियां ऐसी हैं जो अमेरिकी कंपनियों को व्यापार करने में मुश्किलें पैदा करती हैं।

भारत आज भी अपने ज्यादातर हथियार रूस से खरीदता है। इतना ही नहीं, चीन के साथ मिलकर भारत, रूस से बड़ी मात्रा में तेल और गैस भी खरीदता है, जबकि पूरी दुनिया चाहती है कि रूस यूक्रेन में हिंसा रोके।

इन सब वजहों से अब अमेरिका ने फैसला किया है कि भारत से आने वाले सामानों पर 1 अगस्त से 25% टैरिफ लगाएगा। इसके अलावा पेनल्टी भी लगाई जाएगी। दोनों देशों के बीच सबकुछ सही नहीं है।

### ट्रम्प ने पहले कहा था- भारत हमारे सामानों पर टैक्स नहीं लगाएगा

डोनाल्ड ट्रम्प ने 17 जुलाई को कहा था कि जल्द ही अमेरिकी उत्पादों को भारत के बाजारों में पहुंच मिलने वाली है। इंडोनेशिया फॉर्मूले के तरह अमेरिकी उत्पादों पर भारत में भी जीरो टैरिफ लगेगा।

ट्रम्प ने कहा था- हमने कई देशों के साथ समझौते किए हैं। हमारा एक और समझौता होने वाला है, शायद भारत के साथ। हम बातचीत कर रहे हैं। जब मैं लेटर भेजूंगा तो वो समझौता हो जाएगा।

ट्रम्प ने 15 जुलाई को इंडोनेशिया पर 19% टैरिफ लगाया था। 1 अगस्त से इंडोनेशिया से अमेरिका जाने वाले सामानों पर 19% टैरिफ लगेगा। वहीं, अमेरिकी सामानों पर इंडोनेशिया में कोई टैरिफ नहीं लगेगा।

### अमेरिकी टीम ट्रेड डील के लिए 25 अगस्त को भारत आएगी

बाइलेटरल ट्रेड एग्रीमेंट (BTA) को लेकर छठे राउंड की चर्चा के लिए अमेरिकी अधिकारी 25 अगस्त को भारत आएंगे।

दोनों देश सितंबर-अक्टूबर तक ट्रेड एग्रीमेंट्स का पहला चरण पूरा करने की दिशा में काम कर रहे हैं। इसके साथ ही एक अंतरिम ट्रेड एग्रीमेंट की संभावना भी तलाशी जा रही है।

ट्रेड डील को लेकर बातचीत का पिछला राउंड वाशिंगटन में हुआ था। वहां भारत के चीफ नेगोशिएटर राजेश अग्रवाल और US ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव ब्रेंडन लिंच ने चर्चा की थी।

## दिल्ली-मुंबई मार्ग के मथुरा-कोटा खंड पर कवच 4.0 का संचालन शुरू



**24 न्यूज अपडेट**

भारतीय रेलवे ने उच्च-घनत्व वाले दिल्ली-मुंबई मार्ग के मथुरा-कोटा खंड पर स्वदेशी रेलवे सुरक्षा प्रणाली कवच 4.0 का संचालन शुरू कर दिया है। यह देश में रेलवे सुरक्षा प्रणालियों के आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने कहा: "माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 'आत्मनिर्भर भारत' विजन से प्रेरणा लेते हुए, रेलवे ने कवच स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली का स्वदेश में ही डिज़ाइन, विकास और निर्माण किया है। कवच 4.0 एक प्रौद्योगिकी-प्रधान प्रणाली है। इसे अनुसंधान डिज़ाइन एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) द्वारा जुलाई 2024 में अनुमोदित किया गया था। कई विकसित देशों को ट्रेन सुरक्षा प्रणाली विकसित करने और स्थापित करने में 20-30 साल लग गए। कोटा-मथुरा खंड पर कवच 4.0 का निर्माण बहुत ही कम समय में पूरा किया गया है। यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।"

आज़ादी के बाद पिछले 60 वर्षों में देश में अंतरराष्ट्रीय स्तर की उन्नत रेल सुरक्षा प्रणालियाँ स्थापित नहीं की गई थीं। रेल और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, कवच प्रणाली हाल ही में चालू की गई है।

भारतीय रेल छह वर्षों की छोटी सी अवधि में देश भर के विभिन्न मार्गों पर कवच 4.0 को लागू करने की तैयारी कर रही है। कवच प्रणालियों पर 30,000 से अधिक लोगों को पहले ही प्रशिक्षित किया जा चुका है। आईआरआईएसईटी (भारतीय रेल सिग्नल इंजीनियरिंग एवं दूरसंचार संस्थान) ने कवच को अपने बी.टेक पाठ्यक्रम में शामिल करने के लिए 17 एआईसीटीई-अनुमोदित इंजीनियरिंग कॉलेजों, संस्थानों और विश्वविद्यालयों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। कवच प्रभावी ब्रेक लगाकर लोको पायलटों को ट्रेन की गति बनाए रखने में मदद करेगा। कोहरे जैसी कम दृश्यता की स्थिति में भी, लोको पायलटों को सिग्नल के लिए केबिन से बाहर देखने की ज़रूरत नहीं होगी। पायलट केबिन के अंदर लगे डैशबोर्ड पर जानकारी देख सकते हैं।

### कवच क्या है?

कवच एक स्वदेशी रूप से विकसित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली है। इसे ट्रेन की गति की निगरानी और नियंत्रण करके दुर्घटनाओं को रोकने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

इसे सुरक्षा अखंडता स्तर 4 (SIL 4) पर डिज़ाइन किया गया है। यह सुरक्षा डिज़ाइन का उच्चतम स्तर है।

कवच का विकास 2015 में शुरू हुआ। इस प्रणाली का तीन वर्षों से अधिक समय तक व्यापक परीक्षण किया गया।

तकनीकी सुधारों के बाद, इस प्रणाली को दक्षिण मध्य रेलवे (SCR) में स्थापित किया गया। पहला परिचालन प्रमाणपत्र 2018 में प्रदान किया गया।

SCR में प्राप्त अनुभवों के आधार पर, एक उन्नत संस्करण 'कवच 4.0' विकसित किया गया। इसे मई 2025 में 160 किमी प्रति घंटे तक की गति के लिए अनुमोदित किया गया।

कवच के पुर्जे स्वदेश में ही निर्मित किए जा रहे हैं।

कवच की जटिलता

कवच एक अत्यंत जटिल प्रणाली है। कवच का चालू होना एक दूरसंचार कंपनी स्थापित करने के बराबर है। इसमें निम्नलिखित उप-प्रणालियाँ शामिल हैं:

1. आरएफआईडी टैग: ट्रैक की पूरी लंबाई में हर 1 किमी पर लगाए जाते हैं। हर सिग्नल पर भी टैग लगाए जाते हैं। ये आरएफआईडी टैग ट्रेनों की सटीक स्थिति बताते हैं।
2. दूरसंचार टावर: ऑप्टिकल फाइबर कनेक्टिविटी और बिजली आपूर्ति सहित पूर्ण दूरसंचार टावर, ट्रैक की पूरी लंबाई में हर कुछ किलोमीटर पर लगाए जाते हैं। लोको पर स्थापित कवच प्रणालियाँ और स्टेशनों पर कवच नियंत्रक इन टावरों का उपयोग करके लगातार संचार करते रहते हैं। यह एक दूरसंचार ऑपरेटर की तरह एक संपूर्ण नेटवर्क स्थापित करने के बराबर है।
3. लोको कवच: यह पटरियों पर लगे RFID टैग से जुड़कर दूरसंचार टावरों तक सूचना पहुँचाता है और स्टेशन कवच से रेडियो सूचना प्राप्त करता है। लोको कवच को इंजनों की ब्रेकिंग प्रणाली के साथ भी एकीकृत किया गया है। यह प्रणाली यह सुनिश्चित करती है कि आपातकालीन स्थिति में ब्रेक लगाए जाएँ।
4. स्टेशन कवच: प्रत्येक स्टेशन और ब्लॉक सेक्शन पर स्थापित। यह लोको कवच और सिग्नलिंग प्रणाली से सूचना प्राप्त करता है और लोको कवच को सुरक्षित गति के लिए मार्गदर्शन करता है।
5. ऑप्टिकल फाइबर केबल (OFC): उच्च गति डेटा संचार के लिए पटरियों के साथ ऑप्टिकल फाइबर बिछाया जाता है जो इन सभी प्रणालियों को जोड़ता है।
6. सिग्नलिंग प्रणाली: सिग्नलिंग प्रणाली को लोको कवच, स्टेशन कवच, दूरसंचार टावरों आदि के साथ एकीकृत किया जाता है।

इन प्रणालियों को यात्री और मालगाड़ियों की भारी आवाजाही सहित रेलवे संचालन को बाधित किए बिना स्थापित, जाँचा और प्रमाणित किया जाना आवश्यक है।

कवच प्रगति

| | |
|---|---|
| 1. ऑप्टिकल फाइबर बिछाया गया | - 5,856 किमी |
| 2. दूरसंचार टावर स्थापित किए गए | - 619 |
| 3. कवच स्टेशनों पर स्थापित किए गए | - 708 |
| 4. कवच इंजनों पर स्थापित किए गए | - 1,107 |
| 5. ट्रैकसाइड उपकरण स्थापित किए गए | - 4,001 |

आरकेएम

भारतीय रेलवे सुरक्षा संबंधी गतिविधियों पर प्रति वर्ष 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करता है। कवच, यात्रियों और ट्रेनों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए शुरू की गई कई पहलों में से एक है। कवच की प्रगति और इसकी तैनाती की गति, रेलवे सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रति भारतीय रेलवे की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## रूस में दुनिया का छठा सबसे बड़ा भूकंप, 8.8 तीव्रता:5 मीटर ऊंची सुनामी उठीं; अमेरिका के अलास्का-हवाई-कैलिफोर्निया तक लहरें पहुंचीं



**24 न्यूज अपडेट**

रूस के पूर्वी प्रायद्वीप कामचटका में दुनिया का छठा सबसे बड़ा भूकंप आया है। US जियोलॉजिकल सर्वे (USGS) के मुताबिक भूकंप की तीव्रता 8.8 थी। यह भारतीय समयानुसार बुधवार सुबह 4:54 बजे आया।

रॉयटर्स के मुताबिक कामचटका में 5 मीटर तक ऊंची सुनामी आई है। इसकी वजह से कई इमारतों को नुकसान पहुंचा है। USGS ने बताया कि भूकंप का केंद्र जमीन से 19.3 किलोमीटर की गहराई में था। कामचटका के गवर्नर व्लादिमीर सोलोदोव ने वीडियो पोस्ट कर कहा कि आज का भूकंप दशकों में सबसे शक्तिशाली था। उन्होंने कहा कि एक किंडरगार्टन स्कूल को नुकसान पहुंचा है।

जापान के NHK टेलीविजन के मुताबिक, देश के पूर्वी तट के पास एक फुट ऊंची पहली सुनामी लहरें पहुंची हैं। जापान ने राजधानी टोक्यो में 20 लाख लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाने के लिए कहा है। इसके अलावा अपने फुकुशिमा परमाणु रिएक्टर को खाली को करा लिया है।

अमेरिका के अलास्का और हवाई द्वीप तक सुनामी की लहरें पहुंच गई हैं।

### चिली ने ईस्टर आइलैंड के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की

चिली सरकार ने रूस में आए भूकंप के बाद ईस्टर आइलैंड के लिए सुनामी चेतावनी जारी की है। अधिकारियों ने आइलैंड के लोगों से तुरंत सुरक्षित जगह पर जाने की अपील की है।

ईस्टर आइलैंड, जो प्रशांत महासागर में चिली के तट से लगभग 3,200 किलोमीटर दूर स्थित है, वहां करीब 8,000 लोग रहते हैं।

चिली की डिजास्टर मैनेजमेंट एजेंसी ने लोगों से अधिकारियों के निर्देशों का पालन करने को कहा है। लोगों को सलाह दी गई है कि वे तट से दूर ऊंचे और सुरक्षित ठिकानों पर चले जाएं।

### जापान ने देश के ज्यादातर हिस्से में सुनामी चेतावनी रद्द की

जापान वेदर साइंस एजेंसी के मुताबिक, देशभर में जारी सभी सुनामी चेतावनियों को रद्द कर दिया है। हालांकि, होक्काइडो से ओकिनावा तक के उत्तरी और पूर्वी तटीय क्षेत्रों में सुनामी एडवाइजरी अभी भी जारी है।

### रूस बोला- भूकंप से कोई हताहत नहीं

रूस के राष्ट्रपति भवन क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि कामचटका प्रायद्वीप में आए भूकंप से किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। मजबूत इमारतों और अलर्ट सिस्टम की वजह से बड़ा नुकसान नहीं हुआ।

## माइक्रोसॉफ्ट ने नायरा एनर्जी की IT सर्विसेज फिर शुरू कीं:यूरोपियन यूनियन के प्रतिबंधों के बाद अचानक बंद की थी सर्विस




**24 न्यूज अपडेट**

माइक्रोसॉफ्ट ने नायरा एनर्जी की IT सर्विसेज फिर से शुरू कर दी हैं। यूरोपियन यूनियन (EU) के प्रतिबंधों के बाद माइक्रोसॉफ्ट ने नायरा की आउटलुक ईमेल और टीम मैसेजिंग जैसी सर्विस पर अचानक रोक लगा दी थी।

नायरा एनर्जी ने माइक्रोसॉफ्ट के इस फैसले को एकतरफा और अनुचित बताया था। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी ने अचानक सर्विस बंद किए जाने को लेकर दिल्ली हाई कोर्ट में माइक्रोसॉफ्ट के खिलाफ याचिका दायर की थी।

माइक्रोसॉफ्ट की सर्विस पर रोक के बाद नायरा ने भारतीय IT फर्म रेडिफ डॉट कॉम की सर्विस लेनी शुरू की थी।

यूरोपियन यूनियन (EU) ने 18 जुलाई 2025 को यूक्रेन युद्ध को लेकर रूस पर नए सैक्शन्स का ऐलान किया। इसके बाद माइक्रोसॉफ्ट ने 22 जुलाई से नायरा की IT सर्विसेज बंद कर दीं। प्रतिबंध में रूसी तेल के प्राइस कैप को $60 प्रति बैरल से घटाकर $47.6 प्रति बैरल कर दिया गया है।

रूस के तेल से बने पेट्रोल-डीजल जैसे रिफाइंड ईंधन के यूरोप में आयात पर भी रोक लगा दी गई थी। इस प्रतिबंध का असर नायरा एनर्जी पड़ा, क्योंकि कंपनी में रूस की रोजनेफ्ट और अन्य रूसी निवेशकों की 49.13% हिस्सेदारी है। EU का दावा है कि नायरा की कमाई रूस के युद्ध को समर्थन देती है।

नायरा जैसी कंपनिया रूसी क्रूड ऑयल को रिफाइन करके डीजल, पेट्रोल और जेट फ्यूल जैसे ईंधन यूरोप को निर्यात करती हैं।

## सोना 721 बढ़कर 99017 प्रति 10 ग्राम हुआ:चांदी 1.13 लाख किलो बिक रही, देखें अपने शहर के गोल्ड रेट



**24 न्यूज अपडेट**

सोने-चांदी के दाम में आज यानी 30 जुलाई को बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 721 रुपए बढ़कर 99,017 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले सोने का भाव 98,296 रुपए पर था। वहीं चांदी की कीमत 93 रुपए बढ़कर 1,13,400 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,13,307 रुपए पर थी। वहीं 23 जुलाई को सोने ने 1,00,533 रुपए और चांदी ने 1,15,850 रुपए ऑल टाइम हाई बनाया था।

## सेंसेक्स 144 अंक चढ़कर 81,482 पर बंद:निफ्टी में 34 अंकों की तेजी रही; FMCG, IT और फार्मा शेयरों में खरीदारी




**24 न्यूज अपडेट**

हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार (30 जुलाई) को सेंसेक्स 144 अंक चढ़कर 81,482 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 34 अंक की तेजी रही, ये 24,855 के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 15 में तेजी और 15 में गिरावट रही। L&T, सनफार्मा और NTPC के शेयर्स 4.72% तक चढ़कर बंद हुए। वहीं, टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड 3.48% तक गिरे।

निफ्टी के 50 शेयरों में से 21 ऊपर बंद हुए। NSE के FMCG, IT और फार्मा इंडेक्स में मामूली तेजी रही। जबकि, ऑटो, मीडिया, बैंकिंग और रियल्टी इंडेक्स 1% तक गिरकर बंद हुए।

## संपादकीय : निष्पक्षता का निर्वहन

भारतीय लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक ढांचा है, जिसकी शक्ति निष्पक्ष चुनाव और जन-भागीदारी में निहित है। चुनाव आयोग इस व्यवस्था का आधार है, जो हर नागरिक के स्वतंत्र और स्वेच्छा से मतदान करने के अधिकार की रक्षा करता है। मगर इसकी कार्यप्रणाली पर ही अगर मतदाताओं को संशय होने लगे तो स्पष्टता की मांग स्वाभाविक है। बिहार में कुछ माह बाद विधानसभा चुनाव होने हैं और निर्वाचन आयोग ने वहां मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू किया है, जिसे लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। सबसे बड़ा विवाद आयोग की ओर से तय किए गए नागरिकता के प्रमाण पत्रों को लेकर है, जिनमें आधार और मतदाता पहचान पत्र मान्य नहीं बताया गया। इससे मतदाताओं में असंतोष पैदा हुआ। विपक्षी दल भी चुनाव आयोग के इस कदम का विरोध कर रहे हैं। विवाद इतना बढ़ा कि मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा। याचिकाकर्ताओं की ओर से दी गई दलील के आधार पर शीर्ष अदालत को भी कहना पड़ा कि अगर विशेष गहन पुनरीक्षण में बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम हटाए जाते हैं, तो न्यायालय हस्तक्षेप करेगा। चुनाव आयोग के मुताबिक, इस प्रक्रिया के दौरान राज्य में पंजीकृत पैंसठ लाख लोगों ने गणना प्रपत्र जमा नहीं किए हैं, क्योंकि वे या तो मृत हैं या स्थायी रूप से कहीं और स्थानांतरित हो गए हैं। यानी अगर इन लोगों की ओर से आने वाले दिनों में कोई आवेदन दायर नहीं किया जाता है, तो उनका नाम मतदाता सूची से हटाया जा सकता है। हालांकि, आयोग कह चुका है कि मतदाता सूचियों में बड़ी संख्या में फर्जी नामों का पंजीकरण है, जिसे दुरुस्त करना जरूरी है। और यह प्रकिया देश भर में चलाई जाएगी। मगर सवाल इस प्रकिया के समय और बिहार से इसकी शुरुआत करने को लेकर भी है। विपक्षी दलों और कुछ सामाजिक संगठनों की दलील है कि चुनाव से ठीक पहले यह कदम उठाना अनुचित है। यहां गौर करने वाली बात यह है कि जो लोग किसी कारणवश अपनी नागरिकता का वैध दस्तावेज समय पर नहीं दे पाएंगे, वे मताधिकार से वंचित हो सकते हैं। शीर्ष अदालत ने इस मामले पर पहले सुझाव दिया था कि चुनाव आयोग को इस प्रकिया में नागरिकता प्रमाण पत्र के रूप में आधार, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड को भी शामिल करने पर विचार करना चाहिए। अब आयोग की दलील है कि वह पहचान के उद्देश्य से आधार और मतदाता पहचान पत्र का उपयोग कर रहा है, लेकिन ये दोनों नागरिकता का प्रमाण नहीं हैं और इन पर भरोसा नहीं किया जा सकता। ऐसे में यह सवाल उठना भी स्वाभाविक है कि जब किसी बैंक में खाता खुलवाने से लेकर रसोई गैस के लिए पंजीकरण के वास्ते आधार अनिवार्य है, तो वह नागरिकता की प्रमाणिकता के लिए वैध दस्तावेज क्यों नहीं है ? मतदाता पहचान पत्र तो चुनाव आयोग की निगरानी में ही बनते हैं, फिर उन्हें भरोसे का दस्तावेज क्यों नहीं माना जा रहा? फिर आयोग की सूची में जिस आवासीय प्रमाणपत्र को जगह दी गई, उसकी हालत यह है कि बिहार के मसौढ़ी से एक कुत्ते के नाम पर निवास प्रमाण पत्र जारी करने की खबर आई। ऐसे में किस प्रमाणपत्र को सबसे विश्वसनीय माना जाएगा? यह सच है कि देश में चुनावी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाए रखने के लिए मतदाता सूची में संशोधन की प्रक्रिया जरूरी है। मगर इस प्रक्रिया की जटिलता से कोई योग्य मतदाता मतदान के अधिकार से वंचित न हो, यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी भी चुनाव आयोग पर ही है।

## कामयाबी की बिसात

पिछले कुछ वर्षों से भारतीय शतरंज का एक सुनहरा दौर चल रहा है और इसने वैश्विक स्तर पर कई प्रतियोगिताओं में अपनी अच्छी दखल दर्ज की है। इसी क्रम में सोमवार को जार्जिया के बतूमि में खेले गए फिडे महिला विश्व कप शतरंज 2025 में दिव्या देशमुख ने भी एक शानदार अध्याय जोड़ा है। विश्व कप में हमवतन कोनेरू हम्पी को हरा कर बाजी मारने और इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम करने के साथ ही सिर्फ उन्नीस वर्ष की उम्र में दिव्या ने ग्रैंडमास्टर का तमगा भी हासिल कर लिया। हालांकि इस प्रतियोगिता की शुरुआत में इस बारे में किसी के लिए सोचना भी मुश्किल था। अब दिव्या महिला विश्व कप जीतने वाली पहली भारतीय महिला हैं। इसके अलावा, वे ग्रैंडमास्टर बनने वाली सिर्फ चौथी खिलाड़ी हैं। इस खिताबी मुकाबले को दो पीढ़ियों के बीच संघर्ष के तौर पर देखा जा रहा था, जिसमें दिव्या ने अपने से दोगुनी उम्र की अनुभवी और कई अहम खिताब जीतने वाली हम्पी को हरा दिया। हालांकि कोनेरू हम्पी ने फाइनल में जगह बनाने के बाद ही यह कह दिया था कि अंतिम मुकाबला बहुत मुश्किल होने वाला है, क्योंकि दिव्या ने इस विश्व कप में बहुत ही उम्दा प्रदर्शन किया है। जाहिर है, दिव्या की इस जीत की जमीन पहले ही बन चुकी थी। गौरतलब है कि एक ओर हम्पी दो बार विश्व रैपिड शतरंज का खिताब जीत चुकी हैं, तो दिव्या ने भी कई शानदार कामयाबियों के अलावा 2023 में इंटरनेशनल मास्टर का खिताब हासिल किया था और पैंतालीसवें शतरंज ओलंपियाड में भारत को स्वर्ण पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। यानी कहा जा सकता है कि इस बार विश्वकप जीतने से पहले दिव्य ने शतरंज की दुनिया में अपने लिए एक मजबूत जगह बना ली थी, जहां उनसे उम्मीदें बढ़ गई थीं। अब उनकी इस जीत से निश्चित तौर पर शतरंज प्रतियोगिताओं की वैश्विक बिसात पर भारत की मजबूत जगह बनी है। पिछले साल चार भारतीय पुरुष खिलाड़ियों - डी गुकेश, अर्जुन एरिगेसी, आर प्रज्ञानानंद और अरविंद विश्व शतरंज की शीर्ष दस की रैंकिंग में शामिल हो गए थे। अब दिव्या की जीत को भी शतरंज में भारतीय कामयाबी की एक कड़ी और भविष्य की उम्मीद के तौर पर देखा जा रहा है।

## जम्मू-कश्मीर पुलिस की उदयपुर एसपी से मांग-एसआईटी से हो श्वेता आत्महत्या प्रकरण की जांच, परिजन बोले-अब भगवत और नैनी की गिरफ्तारी अब तक क्यों नहीं????






**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर के भीलों का बेदला स्थित पेसिफिक डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में बीडीएस फोर्थ इयर की जम्मू की स्टूडेंट श्वेता सिंह को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में अब तक उदयपुर पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं करने से आक्रोष बढ़ता ही जा रहा है। जम्मू के कई सामाजिक, राजनीतिक और छात्र संगठन सहित अन्य लोग इस मामले में विरोध प्रदर्शन कर चुके हैं और चेतावनी दे चुके हैं कि यदि जम्मू की बेटी श्वेता को न्याय नहीं मिला और उसे आत्महत्या के लिए उकसाने वाले भगवत सिंह उर्फ भगवान सर व माही उर्फ नैनी जैन मैम के साथ ही कॉलेज प्रशासन के लोगों को सलाखों के पीछे नहीं भेजा गया तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। कई संगठनों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, एलजी मनोज सिन्हां, सीएम उमर अब्दुल्ला और राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा से इस मामले में दखल देने की मांग की है। आपको बता बता दें कि इस घटना को हुए लगभग एक सप्ताह होने आ रहा है लेकिन अब तक ना तो किसी की गिरफ्तारी हुई है ना ही किसी को दोषी ठहराया गया है। जबकि उदयपुर पुलिस ने श्वेता के परिजनों से दोषियों को तत्काल सजा दिलाने का वादा किया था। जम्मू कश्मीर के कई संगठनों ने यह भी आरोप लगाया है कि पुलिस और प्रशासन की कॉलेज प्रशासन से मिलीभगत के चलते दोषियों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है।

अब इस मामले में एक बहुत बड़ा अपडेट आया है। जम्मू पुलिस की ओर से एक बहुत बड़ी पहल श्वेता को न्याय दिलाने के लिए की गई है। डॉक्टर श्वेता सिंह मामले में जम्मू-कश्मीर पुलिस ने निष्पक्ष जांच के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम याने कि एसआईटी के गठन की मांग की है। इसके लिए बकायदा उदयपुर एसपी को पत्र भी लिखा गया है। 29 जुलाई को लिखे गए आधिकारिक पत्र में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जम्मू श्री जोगिंदर सिंह ने उदयपुर पुलिस अधीक्षक को संबोधित करते हुए इस पूरे मामले की स्वतंत्र जांच पर ज़ोर दिया है। पत्र में उन्होंने लिखा कि "डॉक्टर श्वेता सिंह की बहन सुहानी सिंह अपने परिजनों के साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जम्मू के कार्यालय पहुंचीं और शिकायत दर्ज कराई कि उनकी बहन पिछले चार वर्षों से उदयपुर के पैसिफिक डेंटल कॉलेज में बीडीएस की पढ़ाई कर रही थी। कॉलेज के दो स्टाफ सदस्यों भगवंतसिंह और नानी जैन द्वारा उसका लगातार मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा था। इसी प्रताड़ना के चलते उसने 24 जुलाई को हॉस्टल रूम में मौत को गले लगा लिया। इस संबंध में थाना सुखेर, उदयपुर में एफआईआर दर्ज की गई है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि डॉ. श्वेता सिंह के पिता बलवंत सिंह खुद जम्मू-कश्मीर पुलिस में कार्यरत हैं और वर्तमान में पीसीआर श्रीनगर में तैनात हैं। ऐसे में उनके परिवार द्वारा निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच समिति की मांग को गंभीरता से लिया जाना आवश्यक है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जम्मू ने बताया एसआईटी अथवा स्वतंत्र जांच कमेटी गठित किया जाना आवश्यक है। आपको बता दें कि श्वेता ने खुद अपने सुसाइड नोट में कॉलेज प्रशासन पर अटेंडेंस के नाम पर खुली लूट मचाने के आरोप लगाए। इसके अलावा दोनों शिक्षकों नैनी मैम और भगवत सर पर भी बार बार प्रताड़ित करने की बात कही। श्वेता के सुसाइड नोट से खुलासा हुआ कि पेसिफिक डेंटल भीलों का बेदला कॉलेज में अटेंडेंस के बदले पैसे लेने का खेल चल रहा था। जो पैसे दे रहे थे उनका एग्जाम लिया जा रहा था जो नहीं दे रहे थे उनको अलग बैच में डाल कर उनकी डिग्री को जान बूझकर रोका जा रहा था। परीक्षाएं नहीं ली जा रही थीं। इसी से तंग आकर श्वेता ने आत्महत्या जैसा बड़ा कदम उठाया। श्वेता मां और उसकी बहन सुहानी ने भी पेसिफिक डेंटल कॉलेज पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा था कि उन्होंने अटेंडेंस शॉर्ट करके लाखों रूपए की डिमांड की। हमने एक बार तो डेढ़ से दो लाख दिए भी मगर उसके बाद भी उनकी डिमांड पूरी नहीं हुई। पेसिफिक कॉलेज केवल श्वेता ही नहीं, कश्मीर से स्कॉलरशिप पर पढ़ने कर हर बच्चे के साथ ऐसा कर रहा है। परिजनों ने ट्वंटी फोर न्यूज अपडेट से बातचीत में बताया कि उन्हें ना तो कहीं से कोई मुआवजा मिला है ना ही अब तक उदयपुर पुलिस की ओर से कोई फोन आया है। वहां क्या जांच चल रही है हमें कुछ भी नहीं बताया गया है। इस मामले में दो दिन पहले ही एबीवीपी ने जम्मू में जंगी प्रदर्शन किया था और कहा था कि यदि श्वेता को न्याय नहीं मिला तो उदयपुर में आकर प्रदर्शन किया जाएगा। अब यह देखना अहम होगा कि राजस्थान पुलिस एवं प्रशासन इस मामले में आगे क्या ठोस कदम उठाते हैं। यह तो तय है कि अब जम्मू में इस मामले के तूल पकड़ने के बाद यहां भी पुलिस को जल्दी ही कोई न कोई ठोस कार्रवाई तो करनी ही पड़ेगी।

## टू-व्हीलर टैक्सी सेवाओं के खिलाफ ऑटो यूनियन का प्रदर्शन, अवैध संचालन बंद करने की मांग



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। शहर में निजी बाइकों पर पीली नंबर प्लेट लगाकर चल रही टू-व्हीलर टैक्सी सेवाओं के खिलाफ शुक्रवार को ऑटो यूनियन ने जिला कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। ऑटो चालकों ने इन सेवाओं को अवैध बताते हुए प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन का नेतृत्व कांग्रेस शहर जिलाध्यक्ष फतह सिंह राठौड़ ने किया। यूनियन पदाधिकारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए ऐसी सेवाओं पर पूर्ण रोक लगाने की मांग की। यूनियन अध्यक्ष सईद सक्का ने कहा कि शहर की हर गली, मोहल्ले और चौराहे पर निजी बाइकों को पीली नंबर प्लेट लगाकर किराये पर चलाया जा रहा है, जो मोटर वाहन अधिनियम का सीधा उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि टू-व्हीलर टैक्सी सेवाएं न केवल नियमों के विरुद्ध हैं, बल्कि ऑटो चालकों की आजीविका पर भी संकट खड़ा कर रही हैं। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि ऐप आधारित टू-व्हीलर सेवाएं सस्ती दरों पर यात्रियों को सुविधा दे रही हैं, जिससे ऑटो चालकों की आमदनी में भारी गिरावट आई है। अधिकांश ऑटो चालक बैंक से लोन लेकर वाहन खरीदते हैं और अब उन्हें किश्त चुकाने में भी परेशानी हो रही है। फतह सिंह राठौड़ ने कहा कि निजी बाइकों का व्यावसायिक उपयोग पूरी तरह अवैध है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि शहर में संचालित सभी अवैध टू-व्हीलर टैक्सियों की पहचान कर उनके मालिकों के खिलाफ लाइसेंस निरस्तीकरण जैसी कड़ी कार्रवाई की जाए। यूनियन ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही इस ओर ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो ऑटो चालक बड़ा आंदोलन करेंगे। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में ऑटो चालक, यूनियन पदाधिकारी और कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बड़गांव ब्लॉक आयुर्वेद विभाग के चिकित्सकों का सम्मान समारोह सम्पन्न, योग व आयुर्वेद को घर-घर पहुंचाने का संकल्प




**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, 30 जुलाई। आयुर्वेद विभाग बड़गांव ब्लॉक के चिकित्सकों, कम्पाउंडरों, नर्सिंग स्टाफ एवं योग प्रशिक्षकों के लिए मंगलवार को भुवाणा स्थित भैरव बाघ रिसोर्ट में सम्मान समारोह एवं स्नेह मिलन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विगत एक वर्ष में विभागीय कार्यों और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 पर किए गए उल्लेखनीय कार्यों को लेकर कर्मचारियों की सराहना की गई। कार्यक्रम के नोडल प्रभारी एवं आयोजक डॉ. विष्णु बंसीवाल ने बताया कि बड़गांव ब्लॉक की टीम ने योग, आयुर्वेदिक सेवाओं एवं जनकल्याण में अग्रणी भूमिका निभाई है। इस उल्लेखनीय कार्य के लिए आयुर्वेद विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ. महेश गुप्ता, उपनिदेशक डॉ. राजीव भट्ट, वरिष्ठ आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. शोभा लाल औदित्य, एवं विभागीय भामाशाह डॉ. जगदीश बिश्नोई और डॉ. जगदीश नकेला का विशेष सम्मान किया गया। कार्यक्रम का सशक्त मंच संचालन डॉ. विष्णु बंसीवाल, डॉ. ज्योति सिंह देवल, डॉ. ललित सिंह देवड़ा एवं डॉ. राकेश सोलंकी ने किया, वहीं कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में प्रेमलता अहीर एवं मोनल सेन का सहयोग सराहनीय रहा। इस अवसर पर सभी आयुर्वेद चिकित्सकों ने एकमत होकर संकल्प लिया कि बड़गांव ब्लॉक को आयुर्वेदिक सेवाओं की दिशा में राज्य में उदाहरण बनाया जाएगा। टीम ने यह भी निर्णय लिया कि आयुर्वेद और योग को घर-घर तक पहुंचाने की मुहिम शुरू की जाएगी ताकि ग्रामीण जन भी प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति से लाभान्वित हो सकें। डॉ. शोभा लाल औदित्य सहित सभी अतिथियों ने बड़गांव ब्लॉक के कार्यों की प्रशंसा करते हुए और अधिक नवाचार करने एवं जनजागरूकता के लिए ठोस पहल करने के सुझाव दिए।

## उदयपुर में जर्जर स्कूलों को तोड़ने के लिए बुलडोजर चलाया



**24 न्यूज अपडेट**

झालावाड़ में स्कूल की छत गिरने के बाद अब उदयपुर जिला प्रशासन ने जर्जर कक्षा-कक्षों को ध्वस्त करने का काम शुरू कर दिया है। उदयपुर प्रशासन ने शिक्षा विभाग के जरिए सबसे पहले सबसे ज्यादा जर्जर स्कूलों को चिह्नित किया और उनको ध्वस्त करने का काम शुरू किया।

आज उदयपुर जिले के कदमाल स्कूल में जर्जर कमरों को ध्वस्त करने का काम शुरू किया। वहां पर बुलडोजर के जरिए ऐसे गिरने वाले कक्षा-कक्षों को ध्वस्त किया। इसके साथ आगे अलग-अलग ब्लॉक में ऐसे स्कूलों को ध्वस्त किया जाएगा, जो जो कभी गिर जाए ऐसी स्थिति में है।

### 2 जर्जर कमरों को गिराया

कदमाल राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में दो जर्जर कमरों को गिराया गया है। साथ ही पास के अन्य स्कूलों के जर्जर कमरों को भी गिराया जाएगा। कदमाल स्कूल में इन 2 कमरों को कभी से बंद कर रखा था। उदयपुर जिले के 100 से ज्यादा स्कूलों को चयनित किया हैं, जो पूरे जर्जर हालत में हैं। उनको गिराने का काम किया जाएगा। इन स्कूलों में किसी में 2 तो किसी में दो से ज्यादा जर्जर कमरे है।

### कलेक्टर ने जर्जर स्कूलों को लेकर ली थी बैठक

एक दिन पहले मंगलवार को उदयपुर जिला कलेक्टर नमित मेहता ने जर्जर स्कूलों को लेकर बैठक ली तथा कई अधिकारियों ने फील्ड विजिट किया। उन्होंने जिले भर के राजकीय भवनों, सड़कों, पुलिया-रपट आदि की स्थिति जांचने की मुहिम शुरू करने को कहा जिससे संबंधित विभाग सक्रिय हुए।

उदयपुर में उपखण्ड एवं ग्राम पंचायत वार समितियां गठित की हैं। इन समितियों में तकनीकी कार्मिकों को भी शामिल किया गया है। इसके अलावा जिले के सभी विभागीय अधिकारियों को भी अपने-अपने अधीन कार्यालय भवनों सहित जिले के सभी राजकीय भवनों, स्कूल, आंगनवाड़ी, अस्पतालों, सड़कों व पुलिया, बिजली खंबों आदि का निरीक्षण कर 5 अगस्त तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

जिला कलक्टर के निर्देशन में मंगलवार से सर्वे कार्य प्रारंभ हुआ। उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, विकास अधिकारी सहित विभागीय अधिकारियों ने दिन भर फील्ड का दौरा करते हुए अपने आवंटित क्षेत्रों में विद्यालयों, आंगनवाड़ी केंद्रों, अस्पतालों सहित अन्य सभी राजकीय भवनों, सड़कों, पुलियाओं, विद्युत लाइन व खंबों आदि का निरीक्षण किया।

इसी प्रकार ग्राम पंचायत स्तर पर गठित कमेटियों ने भी अपने क्षेत्र के सभी भवनों आदि का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान जर्जरहाल और असुरक्षित स्थिति में नजर आए भवनों को सील करते हुए उनका उपयोग नहीं किए जाने के लिए पाबंद किया।

## जीतो उदयपुर चैप्टर का वार्षिक अधिवेशन और 'जीतो उत्सव' सम्पन्न



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, 30 जुलाई। जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (जीतो) उदयपुर चैप्टर का एक दिवसीय वार्षिक अधिवेशन एवं 'जीतो उत्सव - द जीतो बॉन्ड' कार्यक्रम उदयसागर स्थित रिसोर्ट में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जीतो अध्यक्ष यशवंत आंचलिया, मुख्य सचिव अभिषेक संचेती, वंडर सीमेंट डायरेक्टर परमानन्द पाटीदार और समाजसेवी निर्मल कुमार जैन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस वर्ष की थीम 'द जीतो बॉन्ड' रही, जो संगठन में संवाद, सहयोग और आत्मीयता को बढ़ावा देने पर केंद्रित रही। नेटवर्किंग सत्रों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों व खेल गतिविधियों में 500 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया। महिलाओं व युवाओं की रंगारंग प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को जीवंत बनाया। मुख्य सचिव संचेती ने प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि श्रवण आरोग्यम कार्ड, जीतो एजुकेशन असिस्टेंस जैसे प्रकल्पों के माध्यम से साधु-साध्वियों को चिकित्सा सहायता, जरूरतमंद छात्रों को ब्याज मुक्त शिक्षा ऋण, व्यापारियों के लिए नेटवर्किंग मीट और महिलाओं के लिए करियर गाइडेंस जैसे कार्य किए जा रहे हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ नमस्कार महामंत्र से हुआ। मंच संचालन व संयोजन में श्याम नागौरी, सुधीर चित्तौड़ा, यशवंत कोठारी व अनिल हाथी ने भूमिका निभाई। समारोह में जीतो के वरिष्ठ पदाधिकारी नरेन्द्र सिंघवी, अंजलि सुराणा, दिव्यद दोशी, भूपेन्द्र चोरड़िया, मनीष कटारिया सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।



# अतिवृष्टि की चेतावनी के मद्देनज़र 31 जुलाई को विद्यार्थियों के लिए अवकाश घोषित



24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़। मौसम विभाग द्वारा जिले में आगामी दिनों में अति भारी वर्षा की संभावना को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। इस स्थिति में विद्यार्थियों की सुरक्षा के दृष्टिगत, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं उप निदेशक, महिला एवं बाल विकास विभाग, चित्तौड़गढ़ द्वारा अवकाश की सिफारिश की गई थी। इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए जिला कलक्टर एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष आलोक रंजन ने आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 30 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले के कक्षा 1 से 12 तक के समस्त सरकारी एवं निजी विद्यालयों तथा आंगनवाड़ी केन्द्रों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए दिनांक 31 जुलाई 2025 (गुरुवार) को एक दिवसीय अवकाश घोषित किया है। यह अवकाश केवल छात्र-छात्राओं पर लागू होगा। समस्त विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों का शिक्षकीय एवं प्रशासनिक स्टाफ यथावत कार्यरत रहेगा। जिला कलक्टर द्वारा जिले के समस्त संस्था प्रधानों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे आदेश की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करें। यदि कोई संस्था प्रधान आदेश की अवहेलना करता पाया जाता है तो उसके विरुद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के प्रावधानों के अनुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# राजसमंदः नवोदय विद्यालय में कक्षा 9 व 11 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू, 23 सितम्बर तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित




24 न्यूज़ अपडेट

राजसमंद। जवाहर नवोदय विद्यालय, राजसमन्द में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु कक्षा 9वीं और 11वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। विद्यालय प्रशासन ने जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक छात्र-छात्राएं 23 सितम्बर 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। विद्यालय प्राचार्य ने बताया कि आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। इसके लिए www.navodaya.gov.in वेबसाइट पर जाकर निर्धारित प्रक्रिया अनुसार फॉर्म भरना होगा। योग्य और इच्छुक विद्यार्थी समय रहते आवेदन करें, जिससे वे चयन परीक्षा में सम्मिलित हो सकें। प्रवेश प्रक्रिया से जुड़ी किसी भी जानकारी या समस्या के लिए छात्र एवं अभिभावक विद्यालय कार्यालय में कार्यालय समय में संपर्क कर सकते हैं।

# ओसवाल सभा आपके द्वार" शिविर का पंचम चरण सम्पन्न, 13 परिवारों ने ग्रहण की सदस्यता




24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर। ओसवाल सभा द्वारा समाज के नए परिवारों को जोड़ने के उद्देश्य से चलाए जा रहे "ओसवाल सभा आपके द्वार" अभियान के द्वितीय चरण का पंचम शिविर मंगलवार रात्रि 8:30 बजे नवकार भवन, केशव नगर में आयोजित हुआ। सभा के सचिव आनंदी लाल बम्बोरिया ने बताया कि शिविर में 13 परिवारों ने सभा की सदस्यता ग्रहण की, जिनसे 5100/- रुपये की सदस्यता राशि प्राप्त की गई। साथ ही पारिवारिक निर्देशिका हेतु आवश्यक दस्तावेज भी संकलित किए गए। शिविर से पूर्व सभा अध्यक्ष प्रकाश चन्द्र कोठारी के मार्गदर्शन में शाम 6 से 8 बजे तक शिविर संयोजक ललित जैन, डॉ. प्रमिला जैन, गगन लेखा गांधी सहित टीम ने विभिन्न कॉलोनियों में जाकर ऐसे परिवारों से संपर्क किया जो उदयपुर में पिछले 5 वर्षों से निवासरत हैं लेकिन अभी तक सभा से नहीं जुड़े थे। सह संयोजकों अशोक कुमार मेहता, राजकुमार नलवाया, हिम्मत जैन ने पारिवारिक निर्देशिका के फार्म भरवाने का कार्य संपादित किया। शिविर में विनयकांत कोठारी, प्रदीप सिरोया, प्रकाश वर्डिया, जीवन गदिया, अशोक कुमार जैन, संजीव सांखला, पारस जैन, सुभाष जैन, बाबूलाल कोठारी, नानालाल गदिया, ललित कासमा, चन्दनबाला कासमा सहित समाज के अनेक वरिष्ठजन उपस्थित रहे। सभा का अगला शिविर 6 अगस्त, बुधवार को जीरावाला श्वेतांबर जैन मंदिर, श्रीनाथ हॉस्पिटल के पास, न्यू नवरत्न कॉम्प्लेक्स में आयोजित किया जाएगा।

# राजस्थान में 6 वर्षों में बने जर्जर सरकारी भवनों की होगी जांच : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा



24 न्यूज़ अपडेट

जयपुर, 30 जुलाई। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में हाल ही में हुई वर्षाजनित घटनाओं और भवन दुर्घटनाओं के बाद सरकार एक्शन मोड में आ गई है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित समीक्षा बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि राज्य के सभी विभाग क्षतिग्रस्त एवं जीर्ण-शीर्ण भवनों की तत्काल मरम्मत कराएं और जिलेवार रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब यदि किसी भवन दुर्घटना में जनहानि होती है तो संबंधित अधिकारी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गत 6 वर्षों में निर्मित सभी सरकारी भवनों, विद्यालयों व आंगनवाड़ियों की गुणवत्ता की जांच के लिए एक विशेष राज्य स्तरीय समिति गठित की जाएगी।

## आपदा प्रबंधन मद से होगा मरम्मत कार्य

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि भवनों की मरम्मत कार्य के लिए आपदा प्रबंधन कोष से वित्तीय स्वीकृति प्राप्त की जाए और समयबद्ध रूप से मरम्मत कार्य प्रारंभ किया जाए। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में बने भवनों की नियमित निरीक्षण और रखरखाव पर विशेष जोर दिया।

## आंगनवाड़ी केन्द्रों को किया गया स्थानांतरित

बैठक में अधिकारियों ने अवगत कराया कि प्रदेश में जर्जर आंगनवाड़ी केन्द्रों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया गया है। श्री शर्मा ने निर्देश दिए कि वर्ष 2025-26 के बजट में प्रस्तावित 50 करोड़ की राशि से 5 हजार आंगनवाड़ी केन्द्रों की मरम्मत कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाए। उन्होंने कहा कि इन केन्द्रों का नियमित निरीक्षण अनिवार्य है। मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, पंचायतीराज, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग सहित सभी संबद्ध विभागों को निर्देशित किया कि वे अपने अधीनस्थ भवनों की पूरी जानकारी संकलित कर दर्ज रिपोर्ट बनाएं और मरम्मत कार्य सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सभी विभागों ने अपने-अपने क्षेत्र की जर्जर व क्षतिग्रस्त इमारतों की स्थिति एवं प्रस्तावित मरम्मत कार्यों से जुड़ी रिपोर्ट प्रस्तुत की।

# बांके बिहारी केस में SC की फटकार- चालबाजियां बंद करोःमंदिर की देख-रेख करने वाले गोस्वामियों से कहा- गेम खेलने की कोशिश मत करो



24 न्यूज़ अपडेट

वृंदावन में बांके बिहारी मंदिर और उससे जुड़े कॉरिडोर विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को बड़ी टिप्पणी की। कोर्ट ने मंदिर की देख-रेख करने वाले गोस्वामी परिवारों से कहा कि चालबाजियां मत करो। साथ ही आदेश दिया कि मंदिर प्रबंधन और वृंदावन कॉरिडोर से जुड़ी सभी याचिकाओं की सुनवाई अब एक ही पीठ करेगी।

दरअसल, बुधवार को इस मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ कर रही थी। इसी बीच, गोस्वामी पक्ष के वकील संकल्प गोस्वामी ने मंदिर फंड के इस्तेमाल, वृंदावन कॉरिडोर और मंदिर न्यास बनाने के मुद्दे को फिर से उठाने की कोशिश की।

लेकिन, पीठ ने सख्त लहजे में उन्हें डांटते हुए कहा- कल ही आपने यह मामला न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ के सामने उठाया था। अब दोबारा यही गेम खेलने की कोशिश मत करो। कोर्ट ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर वकीलों ने इस मामले को किसी अन्य पीठ के सामने फिर से उठाया तो उनके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जाएगी।

# PWD इंजीनियर के घर मिले 1.60 करोड़ रुपए कैशःसीबीआई ने रिश्वत लेते पकड़ा, बिल पास करने की एवज में 3 प्रतिशत कमीशन लेता था



24 न्यूज अपडेट

केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) की टीम ने दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (PWD) के कार्यकारी अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) को रिश्वत लेते अरेस्ट किया। एक्सईएन के दिल्ली और जयपुर स्थित घरों पर टीम ने तलाशी ली। टीम को 1.60 करोड़ रुपए कैश मिला। सीबीआई टीम एक्सईएन से पूछताछ कर रही है।

सीबीआई के अनुसार- गिरफ्तार एक्सईएन के खिलाफ 28 जुलाई को सीबीआई ऑफिस में मामला दर्ज हुआ था। शिकायत में बताया गया था कि एक्सईएन पेंडिंग बिलों के पेमेंट करने के लिए रिश्वत की मांग कर रहा है। कुल बकाया बिल का तीन प्रतिशत कमीशन रिश्वत में मांगा रहा है। शिकायतकर्ता से पेंडिंग बिलों को मंजूरी देने के एवज में 30 हजार रुपए की रिश्वत मांगी गई थी।

सीबीआई टीम की ओर से ट्रेप का जाल बिछाया गया। शिकायतकर्ता को रिश्वत के 30 हजार रुपए देकर भेजा गया। रिश्वत के 30 हजार रुपए लेते ही सीबीआई टीम ने आरोपी अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) को पकड़ लिया।

## प्रॉपर्टी डॉक्यूमेंट, बैंक अकाउंट्स में जमा रुपए भी मिले

सीबीआई टीमों ने एक्सईएन के दिल्ली और जयपुर स्थित ठिकानों पर तलाशी ली। सर्च में कैश के अलावा, प्रॉपर्टी डॉक्यूमेंट मिले हैं।

# जयपुर के हॉस्पिटल की PICU में फॉल सिलिंग गिरीःजेकेलोन हॉस्पिटल में 4 साल पहले बना था नया वार्ड; बच्चों को दूसरी जगह शिफ्ट किया



24 न्यूज़ अपडेट

जयपुर में बारिश अब आफत बन गई है। छोटे बच्चों का सरकारी हॉस्पिटल जे.के. लोन में कल देर रात PICU वार्ड में पानी टपकने के बाद वहां लगी फॉर सिलिंग गिर गया। गनीमत ये रही कि जिस जगह ये फॉर सिलिंग गिरी उस समय वहां आसपास के बैड पर कोई बच्चा भर्ती नहीं था। पानी टपकने के बाद ही डॉक्टरों ने बच्चों को दूसरे वार्ड के बैड पर शिफ्ट कर दिया था।

दरअसल से वार्ड तत्कालीन गहलोत सरकार के समय साल 2021 में बनकर तैयार हुए थे। कोविड की पहली लहर के बाद सरकार ने इसे बनवाया था। चार साल में ही वार्ड की स्थिति बिगड़ने लगी है। बीती रात यहां हुई हल्की बारिश के बाद वार्ड में छत से पानी टपकने लगा।

पानी टपकता देख परिजनों ने डॉक्टर और अन्य स्टाफ को बताया, जिसके बाद उस वार्ड से 10 बच्चों को शिफ्ट करके पास के ही दूसरे NICU वार्ड में शिफ्ट किया। बच्चों को शिफ्ट करने के कुछ देर बाद वार्ड में फॉल सिलिंग की दो परते जमीन पर गिर गई।

## निर्माण पर सवाल उठे

इस एनआईसीयू का निर्माण गहलोत सरकार के समय किया था। 40 बैड के दो आईसीयू वार्ड फर्स्ट फ्लोर पर बनाए गए थे। अब इनके निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे है। वहीं इनके रखरखाव करने वाले संबंधित अधिकारियों पर भी सवाल उठ रहे है। अगर अचानक फॉल सिलिंग गिरती और यहां कोई बच्चा या उसका परिजन घायल हो जाता तो उसका जिम्मेवार कौन होता?

## पूरे हॉस्पिटल में हालात खराब

हॉस्पिटल में अन्य जगह भी इसी तरह के हालात है। ग्राउड फ्लोर पर बने कॉरिडोर में भी छत का प्लास्टर गिर गया है, जिसके कारण वहां लगी फॉल सिलिंग कुछ दिन पहले गिर गई थी। उसे रिपेयर करने का काम शुरू तो किया, लेकिन अब तक पूरा नहीं हुआ। जगह-जगह हॉस्पिटल में फॉल सिलिंग गिर रही है और छतों से पानी टपक रहा है। इसे लेकर स्टाफ के लोगों में भी डर है।

# मुंबई साइबर क्राइम के नाम पर 80 लाख की ठगी, मुख्य खाताधारक गिरफ्तार



24 न्यूज़ अपडेट

जयपुर 30 जुलाई। साइबर ठगों ने अपनी शातिर चालों से अजमेर की 82 वर्षीय एक बुजुर्ग महिला को निशाना बनाया और 'डिजिटल अरेस्ट' का डर दिखाकर उनसे 80 लाख की भारी भरकम राशि ऐंठ ली। इस हाई-प्रोफाइल मामले में राजस्थान साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन ने मुख्य खाताधारक को गिरफ्तार कर लिया है, जिसके बैंक खाते में ठगी की गई सारी रकम ट्रांसफर की गई थी।

एसपी साइबर क्राइम शांतनु कुमार सिंह ने बताया कि यह सनसनीखेज घटना 23 नवंबर से 30 नवंबर, 2024 के बीच हुई। ठगों ने व्हाट्सएप वीडियो कॉल के जरिए महिला से संपर्क साधा और खुद को मुंबई साइबर क्राइम का अधिकारी बताया। उन्होंने महिला को डिजिटल रूप से गिरफ्तार होने का झांसा दिया और कानून की कार्रवाई से बचने के नाम पर उनसे 80 लाख अपने बैंक खाते में ट्रांसफर करवा लिए।

प्रकरण अजमेर में दर्ज होने के बाद इसे साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन राजस्थान, जयपुर को हस्तांतरित कर दिया गया, जिसके बाद जांच में तेजी आई। साइबर थाने की विशेष टीम ने ठगी गई राशि के लेन-देन का गहन विश्लेषण किया। जांच में पाया गया कि ठगी की गई पूरी 80 लाख की राशि एक ही बैंक खाते में स्थानांतरित की गई थी।

यह खाता सोवन मंडल पुत्र संतोष (30) निवासी धूलिया हावड़ा पश्चिम बंगाल का था। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सोवन मंडल को गिरफ्तार कर लिया है। उससे आगे की पूछताछ जारी है।

150 से अधिक खातों में पहुंची राशि, क्रिप्टो में बदल रहे थे पैसे

जांच में खुलासा हुआ है कि सोवन मंडल के खाते से यह 80 लाख की राशि आगे 150 से अधिक अन्य खातों में ट्रांसफर की गई थी। सभी संदिग्ध खाताधारकों की पहचान की जा रही है। विश्लेषण से यह भी सामने आया है कि ठगी की गई रकम को विभिन्न खातों से होते हुए नकद निकासी के माध्यम से यूएसडीटी क्रिप्टोकरेंसी में बदला जा रहा था, जिससे पैसे को ट्रैक करना मुश्किल हो जाए।

पहले भी 18 आरोपी गिरफ्तार, बड़ी बरामदगी

इस मामले में पहले भी 18 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इन गिरफ्तारियों से 13 लाख नकद, 27 मोबाइल फोन, 43 डेबिट कार्ड, 19 पासबुक, विभिन्न बैंकों की 15 चेकबुक, 16 सिम कार्ड, 13 पैन कार्ड/आधार कार्ड, 1 लैपटॉप और 1 स्विफ्ट वीडीआई कार बरामद की गई है।

एसपी सिंह ने बताया कि ये साइबर ठग ठगी की गई राशि से मिले कमीशन का उपयोग अपने महंगे शौक पूरे करने में करते थे। आशंका जताई जा रही है कि गिरफ्तार किए गए इन ठगों का देश भर में कई अन्य साइबर ठगी के मामलों में भी हाथ हो सकता है। मामले में आगे की जांच जारी है और पुलिस इस पूरे नेटवर्क का भंडाफोड़ करने में जुटी है। साइबर क्राइम पुलिस ने लोगों से ऐसी ठगी से सावधान रहने की अपील की है और किसी भी संदिग्ध कॉल या मैसेज पर तुरंत पुलिस को सूचित करने का आग्रह किया है।



# उमरड़ा के ग्रामीणों ने किया कलेक्ट्री पर प्रदर्शन, रेलवे यार्ड के भूमि अधिग्रहण का विरोध, 137 हेक्टेयर भूमि में अधिकतर खातेदार और आबादी क्षेत्र शामिल, ग्रामीणों की आजीविका पर संकट



24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर। उदयपुर की उमरड़ा ग्राम पंचायत के सैकड़ों ग्रामीणों ने शुक्रवार को जिला कलेक्ट्री के बाहर विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रस्तावित रेलवे यार्ड निर्माण के लिए की जा रही भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को तत्काल रोकने की मांग की। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा कि अधिग्रहण प्रक्रिया से अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के लगभग 200 परिवारों की आजीविका संकट में आ जाएगी। ग्रामीणों के अनुसार उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा उमरड़ा गांव की लगभग 137.401 हेक्टेयर भूमि को "स्वच्छता सुविधा एवं विकास कार्यों" के नाम पर अधिग्रहित किया जा रहा है, जिसमें अधिकांश भूमि आबादी क्षेत्र व खातेदार किसानों की है। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि बिना स्थानीय जनसुनवाई और वैकल्पिक मार्ग तलाशे अधिग्रहण की यह प्रक्रिया ग्रामीणों के जीवन, रोजगार और भविष्य को खतरे में डाल रही है। ग्रामीण प्रभुलाल प्रजापत ने कहा कि यह क्षेत्र पहले से ही परमाणु ऊर्जा विभाग द्वारा 'उमरड़ा ग्रोथ सेंटर - यूरेनियम ज़ोन' के रूप में अधिसूचित है, जहां कई विकास परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। ऐसे में इस भूमि का अधिग्रहण ग्रामीणों के सामाजिक और आर्थिक अधिकारों का हनन है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने यह भी बताया कि क्षेत्र की अधिकांश जमीन अनुसूचित जाति एवं जनजाति समुदायों की पुश्तैनी खातेदारी भूमि है, जिसे अधिग्रहित कर देना संविधान की भावना और सामाजिक न्याय के विरुद्ध है।

### वैकल्पिक भूमि का सुझावः

ग्रामीणों ने मांग की कि रेलवे यार्ड के लिए आसपास की सरकारी अकृषि भूमि जैसे उमरड़ा रेलवे स्टेशन के दक्षिण-पश्चिम दिशा में स्थित खाली भूमि या खारव रेलवे स्टेशन के पास की जमीन को अधिग्रहण के लिए चुना जाए। ये भूमि यार्ड निर्माण के लिए उपयुक्त हैं और इससे किसी की आजीविका प्रभावित नहीं होगी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने जल्द ही सकारात्मक निर्णय नहीं लिया, तो वे संघर्ष को और तेज करेंगे।

# उदयपुर में पंचायतीराज उपचुनाव की घोषणाः 3 पंचायत समिति सदस्य और खेरवाड़ा उपप्रधान पद पर होगा मतदान

## नामांकन प्रक्रिया 5 अगस्त से होगी प्रारंभ, मतदान 21 अगस्त को



24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर, 30 जुलाई। राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं में रिक्त पदों पर उपचुनाव की तिथियों की घोषणा कर दी है। यह उपचुनाव 1 जनवरी 2025 से 31 मई 2025 के मध्य विभिन्न कारणों से खाली हुए पदों के लिए होंगे। आयोग की अधिसूचना के अनुसार प्रदेशभर में प्रधान के 3, उपप्रधान के 3, जिला परिषद सदस्य के 3 एवं पंचायत समिति सदस्य के 14 पदों के लिए चुनाव कराए जाएंगे। निर्वाचन प्रक्रिया 5 अगस्त से आरंभ होगी। राज्य निर्वाचन आयोग ने संबंधित जिला प्रशासन को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आदर्श आचार संहिता को प्रभावी ढंग से लागू करने और नामांकन से लेकर मतगणना तक की सभी प्रक्रियाओं को तय समय पर संपन्न कराने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

### उदयपुर जिले में होंगे 4 पदों पर उपचुनाव

जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुसार, उदयपुर जिले में खेरवाड़ा पंचायत समिति के उपप्रधान पद सहित तीन पंचायत समिति सदस्यों के लिए चुनाव प्रस्तावित हैं। सदस्य पदों के लिए चुनाव निम्न वार्डों में होंगेः
खेरवाड़ा पंचायत समिति का वार्ड क्रमांक 12
झाड़ोल पंचायत समिति का वार्ड क्रमांक 2
सायरा पंचायत समिति का वार्ड क्रमांक 6
निर्वाचन कार्यक्रम इस प्रकार रहेगाः

5 अगस्तः निर्वाचन की अधिसूचना जारी होगी और नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ होगी।

11 अगस्त, अपराह्न 3 बजेः नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि।

12 अगस्तः नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा।

13 अगस्त, अपराह्न 3 बजेः नाम वापसी की अंतिम तिथि। इसके पश्चातः चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर अंतिम प्रत्याशी सूची जारी की जाएगी।

21 अगस्तः मतदान सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक संपन्न होगा।

22 अगस्तः मतगणना की जाएगी।

24 अगस्तः खेरवाड़ा उपप्रधान पद के लिए निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होगी।

# एमएलएसयू में जिस भवन का उद्घाटन कल करेंगे राज्यपाल, वहां नहीं हैं फायर सेफ्टी के इंतजाम, कॉलेज कैम्पस में गिर रहे हैं जगह-जगह प्लास्टर




24 न्यूज़ अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर, 30 जुलाई। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के दृश्य कला संकाय में नवनिर्मित महाराणा कुंभा कला भवन का उद्घाटन गुरुवार को राजस्थान के राज्यपाल हरिभाउ बागड़े के कर कमलों से होने वाला है। लेकिन इस नए बनाए गए भवन में भी फायर सेफ्टी सिस्टम नहीं लगाया गया है। जबकि यह किसी भी बिल्डिंग की अनिवार्य शर्त है। फायर सेफ्टी उपकरण नहीं होना वहां पढ़ने आने वाले बच्चों की सुरक्षा से खुलेआम खिलवाड़ है। आपको बता दें कि नगर निगम दो बार अंतिम नोटिस देकर पूरे सुखाड़िया विश्वविद्यालय परिसर में फायर सेफ्टी सिस्टम नहीं लगाने पर बिल्डिंग ही सीज करने की चेतावनी दे चुका है। यह तो निगम के अधिकारियों से सुविवि प्रशासन की खुलेआम मिलीभगत का कमाल है कि बिल्डिंग सीज की कार्रवाई अब तक नहीं की गई जबकि खुद निगम निजी बिल्डिंगों के मामलों में भी फायर सेफ्टी नहीं होने पर तत्काल बिल्डिंग सीज कर उसके समाचार जारी करवा देती है। बहरहाल, इस भवन और परिसर से संबंधित पूरे आर्ट्स कॉलेज व पूरे विश्वविद्यालय में फायर सेफ्टी सिस्टम का कोई नामो निशान नहीं है। नए कला भवन में छह क्लासरूम और एक बड़ा हॉल है, जहां भविष्य में बड़ी संख्या में छात्र एकत्रित होंगे, लेकिन ऐसे किसी भी सार्वजनिक उपयोग की इमारत में फायर सेफ्टी की पूर्ण अनुपस्थिति चिंता का विषय बन गई है। कम से कम राज्यपाल महोदय से उद्घाटन से पूर्व फायर सेफ्टी का तो खयाल रखा ही जाना चाहिए था। आपको बता दें कि इसके अलावा यह नया परिसर जिस आर्ट्स कॉलेज का हिस्सा है वहां पर जगह-जगह प्लास्टर गिरने की घटनाएं हो रही है। कॉलेज में 10 से 12 जगह प्लास्टर गिर चुका है, लेकिन उसकी मरम्मत नहीं कराई गई है। कुछ दिन पहले तो दो कक्षाओं का प्लास्तर भरभरा कर नीचे आ गिरा जिसके बाद आनन फानन में उन पर ताले लगा दिए गए। मगर मरम्मत आज तक नहीं करवाई गई है। यदि कक्षा कक्ष चल रहे होते तो यहां भी झालवाड़ जैसी घटना होने का अंदेशा था। इसके अलावा आर्ट्स कॉलेज के पत्रकारिता विभाग, राजनीति विज्ञान स्मार्ट क्लासरूम, मनोविज्ञान और हिंदी विभागों में भी प्लास्टर गिरने और पानी टपकने की घटनाएं सामने आई हैं। वॉटर कूलर के ऊपर भी छत का प्लास्टर गिर चुका है। आपको बता दें कि आर्ट्स कॉलेज उदयपुर के कला संकाय का सबसे बड़ा कॉलेज है। ऐसे में यहां प्रतिदिन कम से कम 1 हजार से अधिक स्टूडेंट की उपस्थिति एक ही समय पर रहती है। ऐसे में सुरक्षा उपायों को दरकिनार करने पर कई बड़े सवाल उठ रहे हैं। बडा सवाल यह उठ रहा है कि जब पुराने भवनों में फायर सेफ्टी उपकरण नहीं होने का नगर निगम का नोटिस आ रहा है तो नए बनाए गए भवन में इसका ध्यान क्यों नहीं रखा गया? क्या प्रशासनिक स्तर पर फायर सेफ्टी को मजाक के तौर पर लिया जा रहा है या फिर विश्वविद्यालय के सभी आला अफसर यह मानकर चल रहे हैं कि हर बार निगम के अफसरों को मैनेज कर लेंगे और बिल्डिंग सीज होने की नौबत ही नहीं आने देंगे।

# सांसद मेवाड़ ने लोकसभा में महालक्ष्मी मिल के नवीनीकरण की मांग उठाई



24 न्यूज़ अपडेट

नई दिल्ली/ब्यावर, 30 जुलाई। राजसमन्द सांसद श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ ने मंगलवार को लोकसभा में नियम 377 के तहत एक महत्वपूर्ण जनहित से जुड़ा विषय उठाते हुए ब्यावर जिले में स्थित ऐतिहासिक महालक्ष्मी मिल के पुनर्निर्माण और चालू करने की मांग की। सांसद श्रीमती मेवाड़ ने सदन में बताया कि ब्यावर जिले में वर्ष 1925 में स्थापित महालक्ष्मी मिल एक सदी से अधिक पुरानी औद्योगिक धरोहर है, जिसने कभी क्षेत्र को कपड़ा उद्योग के प्रमुख केंद्रों में स्थापित किया था। यह मिल कानपुर, कोलकाता और अहमदाबाद की तर्ज पर ब्यावर को भी एक औद्योगिक पहचान दिलाती रही है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2008 में इस मिल के नवीनीकरण के प्रयास प्रारंभ हुए थे, जिसके तहत मशीनों की नीलामी एवं भूमि समतलीकरण जैसे दो प्रमुख चरण भी पूरे किए जा चुके हैं। बावजूद इसके, तकनीकी उन्नयन कर मिल का पुनर्निर्माण नहीं हो सका। इस बीच, मिल को अन्यत्र स्थानांतरित करने पर भी विचार किया गया, जो स्थानीय पारंपरिक व्यापारिक पहचान के प्रतिकूल है। सांसद श्रीमती मेवाड़ ने सरकार से आग्रह किया कि महालक्ष्मी मिल की स्थापना के शताब्दी वर्ष के अवसर पर पारंपरिक व्यवसायिक गतिविधि को सम्मान देते हुए मिल का स्थानांतरण न किया जाए, और इसका शीघ्रातिशीघ्र नवीनीकरण एवं उच्चीकरण कर पुनः संचालन ब्यावर जिले में ही सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि इससे न केवल क्षेत्र की औद्योगिक विरासत संरक्षित होगी, बल्कि स्थानीय रोजगार को भी बल मिलेगा।

# हृदय में श्रद्धा, भक्ति और समर्पण का भाव है, तो परमात्मा हमसे दूर नहीं : जैनाचार्य रत्नसेन सूरीश्वर महाराज



24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर, 30 जुलाई। मालदास स्ट्रीट स्थित आराधना भवन में जैनाचार्य श्रीमद् विजय रत्नसेन सूरीश्वर महाराज की निश्रा में बडे हर्षोल्लास के साथ चातुर्मासिक आराधना चल रही है। श्रीसंघ के कोषाध्यक्ष राजेश जावरिया ने बताया कि मंगलवार को आराधना भवन में जैनाचार्य श्रीमद् विजय रत्नसेनसूरीश्वर ने प्रवचन देते हुए कहा आँखों में जब मुस्कान होती है, तब दुश्मन भी अपने बन जाते है। शरीर में यदि पंखों का सहारा हो तो विराट् आकाश भी हम से दूर नहीं, पास है। वैसे ही यदि हृदय में श्रद्धा, भक्ति और समर्पण का भाव है, तो परमात्मा हमसे दूर नहीं बल्कि हृदय मंदिर में ही हैं। वैसे तो परमात्मा ने सभी कर्मों का क्षय कर मोक्ष में स्थान पाया है। वह मोक्ष हमसे खूब दूर है। मोक्ष में गए परमात्मा पुनः संसार में नहीं आते, फिर भी श्रद्धा के द्वारा परमात्मा हमारे हृदयमंदिर में अवश्यमेव आते हैं । साक्षात् परमात्मा के दर्शन तो हमारे लिए संभव नहीं है, फिर भी परमात्मा की प्रतिमा हमें उनका परिचय देकर, उनके साथ संबंध जोडऩे के लिए परम साधन है। परमात्मा की प्रतिमा, साक्षात् परमात्मा ही है। परमात्म-प्रतिमा की भक्ति, परमात्म भक्ति का ही फल देने में समर्थ है। मात्र प्रतिमा ही नहीं, परमात्मा का नामस्मरण भी खूब उपकारक है। उनका नामस्मरण करने से आत्मा के पाप पलायित हो जाते हैं। उनके नाम-स्मरण से सुख-दुख में समता भाव की शक्ति प्राप्त होती है। परमात्मा के नाम एवं प्रतिमा के साथ, जिन द्रव्यों और जिन क्षेत्रों से परमात्मा का संबंध है, वे भी हमें उनसे संबंध जोड़ने में सहायक बनते हैं। जिन क्षेत्रों में परमात्मा के जन्म आदि पाँच कल्याणक हुए हों, जहाँ उनके समवशरण की रचना हुई हो, जहाँ उनके मुख कमल से धर्मदेशना प्रसारित हुई हो, वह क्षेत्र और वहाँ के अणु-परमाणु उनके द्वारा भावित हुए होते हैं। वे अणु-परमाणु हमारे मन में भी शुभ भावों को पैदा करने में सहायक बनते हैं। क्षत्रियकुंड महातीर्थ ऐसी भूमि है, जहाँ पर परमात्मा ने अपने गृहस्थ जीवन के 30 वर्ष व्यतीत किये हैं। इसी स्थान पर परमात्मा जब माता के गर्भ में आये थे, तब माता ने अनोखे 14 महास्वप्न देखे थे। इसी स्थान पर परमात्मा महावीर स्वामी का जन्म हुआ एवं बाल्यकाल और गृहवास को व्यतीत करके संसार के सारे संबंधों का त्याग कर, जगत् के सभी जीवों का उद्धार करने एवं आत्मा की पूर्णता को पाने संयम जीवन को स्वीकार किया था ।

# प्लास्टिक के तिरपाल वाले डेरों में आकार ले रहीं प्रथम पूज्य गणपति की मूर्तियां



24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर के रेती स्टेण्ड पर प्लास्टिक के तिरपाल की छत वाले और एक अस्थायी छप्पर वाले डेरे में इन दिनों प्रथम पूज्य भगवान गणपति की मूर्तियां बनाने का उपक्रम चल रहा है। कलाकारों का पूरा का पूरा परिवार दिन-रात इस काम में लगा है। कोई मूर्ति को सांचे में ढाल रहा है तो कोई फिनिशिंग का काम देख रहा है। परिवार की महिलाएं भी चूल्हे चौके और रोजमर्रा के कामों के बीच मूर्ति बनाने के काम में हाथ बंटा रही हैं। इस बार गणेश चतुर्थी 27 अगस्त को है। मूर्ति बनाने वालों का कहना है कि गणेश चतुर्थी से तीन महीने पहले वे मूर्तियां बनाने के काम शुरू कर देते हैं। यहां गणपति के प्लाटर ऑफ पैरिस की हर तरह के स्वरूप बनाए जाते हैं। कुछ की साइज कॉमन हैं तो कुछ ऑर्डर पर बनाए जाते हैं। अधिकतम 12 फीट की गणपति की प्रतिमाएं बनाई जाती हैं। इनकी कीमत करीब 200 से 15 हजार रूपए तक हैं। जैसे जैसे गणपति महोत्सव की तारीखें नजदीक आती जाएंगी, इन प्रतिमाओं को अलग-अलग रंगों में ढाल कर जीवंत बनाया जाएगा।

# माथे पर चंदन लगाने से वो शीतलता नहीं मिलेगी, जो किसी गरीब की मदद करने से मिलेगी - राष्ट्रसंत पुलक सागर



24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर 30 जुलाई। सर्वऋतु विलास स्थित महावीर दिगम्बर जैन मंदिर में राष्ट्रसंत आचार्यश्री पुलक सागर महाराज ससंघ का चातुर्मास भव्यता के साथ संपादित हो रहा है। बुधवार को टाउन हॉल नगर निगम प्रांगण में 27 दिवसीय ज्ञान गंगा महोत्सव के 11वें दिन नगर निगम प्रांगण में विशेष प्रवचन हुए। चातुर्मास समिति के अध्यक्ष विनोद फान्दोत ने बताया कि बुधवार को कार्यक्रम में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक उदयपुर ग्रामीण फूल सिंह मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, विद्यापीठ विश्वद्यालय से एस एस सारंगदेवोत, पूर्व महापौर गोविंद सिंह टांक, आईएमए उदयपुर अध्यक्ष डॉ. आनंद गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमोद सामर, उद्योगपति महेंद्र पाल सिंह छाबड़ा, बीसा नरसिंहपुरा समाज अध्यक्ष ऋषभ जासिंगोत, उद्योगपति धीरेन्द्र सचान, डॉ. तृप्ति जैन उपस्थित थे । आचार्यश्री का पाद प्रक्षालन सीमा फांदोत एवं शास्त्र भेंट गेंदालाल विनोद फांदोत ने किया। चातुर्मास समिति के परम संरक्षक राजकुमार फत्तावत व मुख्य संयोजक पारस सिंघवी ने बताया कि ज्ञान गंगा महोत्सव के 11वें दिन आचार्य पुलक सागर महाराज ने कहा गरीब दूर तक चलता है, खाना खाने के लिए, और अमीर मीलों चलता है, खाना पचाने के लिए । किसी के पास खाने के लिए रोटी नहीं है, और किसी के पास खाना खाने के लिए वक्त नहीं है । कोई लाचार है इसलिए बीमार है, कोई बीमार है इसलिए लाचार है । कोई रोटी के लिए अपनों को छोड़ देता है और कोई अपनों के लिए रोटी छोड़ देता है । अच्छे और बुरे दिन सभी के संसार में आते है । एक सा जीवन किसी का नहीं रहता है, राम, कृष्ण, बुद्ध और महावीर सभी का जीवन अलग अलग रहा । आप सुखी है आप समृद्धशाली है, आप किस्मत वाले है । सभी की किस्मत एक जैसी नहीं होती है, जो कम किस्मत वाले है उनके लिए सहायता का हाथ अवश्य उठना चाहिए । दुनिया में भूख सबसे बड़ी है, सुबह मिटाओ शाम फिर खड़ी है । भगवान महावीर ने कहा कि अपने साधु संतों की वैयावृत्ति किया करो, मै कहता हूं समाज में भी लोगो की सेवा करने के लिए अपना हाथ बढऩा चाहिए । एक हाथ वो है जो माला जपा करते है, और एक हाथ वो है जो मदद किया करते है, मदद करने वाले हाथ माला जपने वालों से कम पवित्र नहीं हुआ करते है । मै आप लोगों से कहना चाहता हूं इबादत से पहले मदद होना चाहिए संसार में । किसी के ग़म की धारा हमारे भीतर से होकर प्रवेश ना करें तो हमारा मनुष्य होना बेकार है । मनुष्य से मनुष्य का प्रेम होना परमात्मा की सबसे बड़ी आराधना है । जितने आप भगवान के प्रति समर्पित है, आदमी आदमी के प्रति आजकल अलगाव लेकर जिया करता है । माथे पर चंदन जरूर लगाओ लेकिन की तड़पते हुए इंसान के मरहम जरूर लगाओ । चंदन से वो शीतलता नहीं मिलेगी जो किसी की मदद करने से मिलेगी । घड़े भर भर कर भगवान का अभिषेक करने वालों कभी किसी झोपडी में किसी बच्चे को एक ग्लास दूध भी पिला दिया करो । मै सोचता हूं कि हजारों दीपक के प्रकाश की भगवान को जरूरत नहीं है लेकिन किसी अंधेरी झोपडी में प्रकाश की बहुत जरूरत है । अपनी दहलीज पर ऐसा दिया जलाओ कि उसकी रोशनी तुम्हारे पड़ोस के घर में जाए, तो तुम परमात्मा की श्रेणी में आ जाओगे । एक जगह बहुत आलीशान शादी हो रही थी, बहुत से व्यंजन बने । सभी भोजन को जा रहे है, एक गरीब जो भूखा है, वो कही कनात के नीचे से अंदर चला गया, उसे लोगों ने धक्के मार कर बाहर निकाल दिया । मैं पुलक सागर कहता हूं भोजन की जरूरत उनको नहीं है जिन्हें तुम्हे बुलाया, वास्तविक जरूरत भोजन की उस भूखे को है । जब भी घर में कोई भी मांगलिक आयोजन हो, एक दिन पहले गरीबों का भोजन होना चाहिए, उसके बाद दूसरों का । सबसे ज्यादा युद्ध दुनिया में धर्म को लेकर, जाति पाति को लेकर हुए है । पैसा जब अच्छे आदमी के पास हुआ करता है तो वह सौ आदमी का उपकार करता है, लेकिन पैसा गलत आदमी के पास हो जाए तो पैसा उस आदमी को ही नहीं समाज को भी बर्बाद कर दिया करता है ।

# जरूरतमंद प्रतिभावान विद्यार्थियों के लिए इंडसइंड फाउंडेशन की छात्रवृत्ति योजना, आवेदन आमंत्रित

24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर। पूज्य जैकब आबाद सिंधी पंचायत की कार्यकारिणी बैठक सोमवार को शक्ति नगर स्थित श्री झूलेलाल भवन में आयोजित हुई। बैठक में इंडसइंड फाउंडेशन, मुंबई द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु नीड-कम-मेरिट आधारित छात्रवृत्ति योजना की घोषणा की गई, जिसके अंतर्गत सिंधी समाज के आर्थिक रूप से जरूरतमंद तथा मेधावी विद्यार्थियों को स्नातक शिक्षा में सहयोग प्रदान किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यमंत्री हरीश राजानी ने की। इस दौरान प्रताप राय चुग, अशोक पाहुजा, राजेश चुग, डॉ. अशोक कुमार छादवानी, कमल पाहुजा, अशोक लिंजारा, भारत खत्री सहित कई वरिष्ठ सदस्य मौजूद रहे।

**छात्रवृत्ति के लिए पात्रता शर्तें**ः वर्ष 2025 में 12वीं कक्षा 85% या उससे अधिक अंकों से उत्तीर्ण की हो।

छात्र का संबंध आर्थिक रूप से जरूरतमंद सिंधी परिवार से हो। विद्यार्थी ने मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय में स्नातक (Science, Arts, Commerce, Engineering, Medical) में नियमित प्रवेश लिया हो।

**आवेदन की प्रक्रिया**ः इच्छुक विद्यार्थी आवेदन फॉर्म को पूर्ण रूप से भरकर, उसमें उल्लिखित आवश्यक दस्तावेजों जैसे – 12वीं की अंकतालिका, प्रवेश प्रमाण पत्र, पहचान पत्र, करियर प्लान आदि की प्रतियों सहित 15 अगस्त 2025 तक शक्ति नगर स्थित श्री झूलेलाल भवन, उदयपुर में जमा करा सकते हैं।

# भगवान पारसनाथ निर्वाण दिवस मुकुट सप्तमी आज



24 न्यूज़ अपडेट

सागवाड़ा (जयदीप जोशी)। पुनर्वास कॉलोनी मे आर्यिका विकाम्याश्री माताजी ससंघ मे होंगे आयोजन 23 किलो का विशाल निर्वाण लाडू 31 जुलाई को चढाया जाएगा। प्रतिष्ठाचार्य विनोद उर्फ विरल पगारिया ने बताया की जैन आगम की वर्तमान चौबीसी के 23 वे तीर्थंकर पारसनाथ भगवान का निर्वाण दिवस 31 जुलाई गुरुवार को प्रातः विमलनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर गलियाकोट कॉलानी मे स्थानीय सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा चातुर्मास आराधनारत श्रमणी आर्यिका विकाम्याश्री माताजी ससंघ के सानिध्य मे तथा प्रतिष्ठचार्य पंडित विनोद पगारिया विरल के तत्वावधान मे श्रद्धा व उमंग के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर गुरुवार को प्रातः मन्दिर के समीप सभागार मे निर्मित तीर्थराज सम्मेद शिखरजी की प्रतिकृति के सामने पारसनाथ भगवान का अभिषेक व शांतिधारा की जाएगी इसके बाद मुख्य विधान मंडप सहित कुल 44 विधान मण्डलीय कल्याण मन्दिर पारसनाथ विधान होगा। जिस पर अष्ट द्रव्य युक्त अर्घ समर्पित किये जाएंगे। इस अवसर पर भगवान के मोक्ष कल्याणक अवसर पर निर्वाण का प्रतीक 23 किलों का विशाल निर्वाण लाडू मंच पर नवनिर्मित सम्मेद शिखर सिद्ध क्षेत्र की प्रतिकृति पर स्थित सुर्वण भद्र टूक पर निर्वाण काण्ड पाठ उच्चारण के साथ चढाया जाएगा साथ ही भगवान पारसनाथ के जीवन चरित्र पर आर्यिका विकाम्याश्री माताजी का प्रवचन होगा।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।